कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
पण्डापुर, सहारनपुर।

पत्रांक:– 803 / वि0वि0म0द्वितीय/स0पुर/निविदा                                                  दिनांक:– 24/06/25

विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला
मेरठ (संस्करण)।

विज्ञापन व्यवस्थापक
शाह टाईम्स
मुजफ्फरनगर (संस्करण)।

महोदय,

**विज्ञापन आदेश**

कृपया कारपोरेशन के पत्र संख्या 488/रेस्पो/द्वि0प्र0/ दिनांक 06.03.2025 की प्रति संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि संदर्भित पत्र में दिये गये मानकों के अनुरूप ही पत्र के साथ संलग्न 1 नं0 विज्ञापन की निविदा सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनांक 26.06.2025 तक के अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उल्लेखनीय बिन्दु निम्नवत् है:–

1. समाचार पत्रों में उक्त निविदा प्रकाशन 8 से0मी0 चौड़ाई के कॉलम (equivalent to 2 columns of news paper) में प्रकाशित कराये जायेगे।
2. हिन्दी फॉन्ट krutidev 010 एवं फॉन्ट साइज 10–12–14 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
3. अंग्रेजी फॉन्ट Times New Roman एवं फॉन्ट साइज 8–10–12 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
4. प्रकाशन running matter के स्थान पर उक्त संलग्न प्रारूपों में यथास्वरूप ही प्रकाशित कराये जायेंगे।
5. कॉलम की उचॉई content के अनुसार परिवर्तनीय variable रहेगी। पंक्तियों के बीच का space संलग्न उदारण के अनुरूप रहेगा। इस space को बढकर विज्ञापन का आकार (height) अनाश्यक रूप से न वढ़ाया जाये।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाऐं जैसे विजली, वन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाएँ बिजली विलों के सम्वन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के वाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रवन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की समग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा मे करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्वतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्वन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक–1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

पत्रांक:– 803 / दिनांक:– 24/06/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. प्रवन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्नित निविदाए निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।
2. मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ
4. उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–बलियाखेडी, सहारनपुर/रामपुरमनिहारान/नकुड।
6. N.I.E.L.T. (Doeacc Center) Unit, PVVNL को डिस्काम की वैबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
7. नोटिस वोर्ड

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

Scanned with OKEN Scanner

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर

**ई–निविदा सूचना–**

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 20,21,22/इ0मु0/2025–26– कावड़ यात्रा 2025–26 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड–बलियाखेड़ी के कार्यक्षेत्र में कराये जाने वाले कार्य।
2. 23,24,25/इ0मु0/2025–26– कावड़ यात्रा 2025–26 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड–नकुड़ के कार्यक्षेत्र में कराये जाने वाले कार्य।
3. 26,27,28/इ0मु0/2025–26:– कावड़ यात्रा 2025–26 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड–रामपुर मनिहारन के कार्यक्षेत्र में कराये जाने वाले कार्य।

अल्पकालीन ई–निविदाये की अंतिम तिथि : 07.07.2025 समय 13:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाए वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर

Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

Scanned with OKEN Scanner